प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 शनिवार दिनांक 14.06.2025

मुख्य समाचारः–

- केन्द्र सरकार ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए उच्च स्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की।

- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चरण पादुका योजना फिर से शुरू की जाएगी।

- राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने मेडिकल में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजी के परिणाम घोषित किए।

- अगले दो दिनों में प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की संभावना।

<u>अहमदाबाद विमान दुर्घटना–समिति</u>

केन्द्र सरकार ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए उच्च स्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की है। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि यह समिति वर्तमान मानक संचालन प्रक्रिया और ऐसी घटनाओं को रोकने तथा निपटने के लिए जारी दिशा–निर्देश की जांच करेगी। समिति, भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से निपटने के लिए व्यापक दिशा–निर्देश का सुझाव भी देगी। सरकार ने कहा है कि यह समिति विभिन्न संस्थाओं द्वारा की जा रही जांच से अलग होगी और ऐसी घटनाओं से निपटने लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने पर ध्यान देगी।

नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने विमान हादसे पर दुख जताया है और कहा है कि जांच जारी है। श्री नायडू ने बताया कि विमान में साढ़े छह सौ फीट की ऊंचाई पर खराबी आई थी और पायलट ने इमरजेंसी की सूचना दी थी। उन्होंने कहा कि नागर विमानन मंत्रालय इस हादसे की हर पहलु से जांच कर रहा है।

इस दुर्घटना में विमान में सवार दो सौ इकतालीस यात्रियों और मेडिकल छात्रों सहित दो सौ चौव्वन लोगों की मौत हो गई है।

मुख्यमंत्री–चरण पादुका योजना

प्रदेश में चरण पादुका योजना फिर से शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में बाबा गुरुदास राम साहेब की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह जानकारी दी।

गौरतलब है कि चरण पादुका योजना नवंबर दो हजार पांच में शुरू की गई थी। इस योजना के तहत तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को हर साल चरण पादुका दिए जाते हैं।

मुख्यमंत्री–मेधावी शिक्षा सहायता योजना

मुख्यमंत्री नोनी–बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में टॉप–टेन में आए पंजीकृत श्रमिकों के मेधावी छात्र–छात्राओं को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल पंद्रह जून को रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रोत्साहन राशि प्रदान करेंगे।

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने बताया कि इस योजना के तहत दसवीं के छब्बीस और बारहवीं के पांच मेधावी बच्चों को दो–दो लाख रूपये दिए जाएंगे। इसमें एक लाख रूपये दोपहिया वाहन के लिए और एक लाख

रूपये नगद प्रोत्साहन राशि के रूप में शामिल है। इसी तरह, छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने राज्य के अड़तीस हजार दो सौ निर्माण श्रमिकों के लिए उन्नीस करोड़ इकहत्तर लाख रूपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जाएगी।

योग–वैश्विक शिखर सम्मेलन

आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा है कि योग वैश्विक कल्याण के प्रति भारत की महत्वाकांक्षा को प्रदर्शित करता है। नई दिल्ली में वैश्विक शिखर सम्मेलन–योग कनेक्ट में श्री जाधव ने कहा कि योग भारत की ओर से विश्व शांति के लिए पूरे संसार को एक उपहार तथा विरासत है। उन्होंने कहा कि योग सिर्फ बीमारियों से बचाव ही नहीं करता, बल्कि रोजगार के नये अवसर भी प्रदान करता है।

योग डायबिटीज के प्रावधान, हृदय स्वास्थ्य में सुधार और यहां तक कि कैंसर रोगियों और बुजुर्गों को उनकी बीमारी से बेहतर तरीके से निपटने में मददगार है। योग सिर्फ आध्यात्मिक और ध्यान का ही अभ्यास नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के अपार अवसर भी प्रदान करता है।

इस अवसर पर संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि योग धर्म, लिंग और भाषा की सीमाओं से परे है।

योग भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है। ये मन, शरीर की एकता, विचार और क्रिया, संयम और पूर्ति, मनुष्य और प्रकृति के बीच में सामंजस्य, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का प्रतीक है।

स्कूल–युक्तियुक्तकरण

स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करने से अब प्रदेश में कोई भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं रह गया है। वहीं, युक्तियुक्तकरण से राज्य की एकल शिक्षकीय शालाओं की संख्या में अस्सी प्रतिशत की कमी आई है।

गौरतलब है कि युक्तियुक्तकरण से पहले प्रदेश में चार सौ तिरपन स्कूल शिक्षकविहीन और पांच हजार नौ सौ छत्तीस स्कूलों में एक–एक शिक्षक ही पदस्थ थे। इस विसंगति को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने जिला, संभाग और राज्य स्तर पर तीन चरणों में शिक्षकों की काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू की। इसके परिणाम स्वरूप आज प्रदेश का कोई भी स्कूल शिक्षकविहीन नहीं है।

एनटीए–नीट यूजी परिणाम

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने मेडिकल में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजी के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस परीक्षा में राजस्थान के महेश कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं, मध्यप्रदेश के उत्कर्ष अवधिया दूसरे और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी तीसरे स्थान पर रहे हैं। स्कोर कार्ड परीक्षा की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवार अपने स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं और आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से मेरिट सूची देख सकते हैं। नीट चार मई को देशभर के पांच सौ बावन शहरों और भारत के बाहर चौदह शहरों में स्थित पांच हजार चार सौ से अधिक विभिन्न केंद्रों पर बाईस लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए आयोजित की गई थी।

खेल अलंकरण–आवेदन

खेल और युवा कल्याण विभाग ने वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस और चौबीस–पच्चीस के लिए राज्य खेल अलंकरण पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि छब्बीस जून निर्धारित की गई है। इन पुरस्कारों में शहीद राजीव पाण्डे, शहीद कौशल यादव, शहीद पंकज विक्रम, शहीद विनोद चौबे, वीर हनुमान सिंह सम्मान के साथ मुख्यमंत्री ट्रॉफी, प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि, खेलवृत्ति और प्रेरणा निधि शामिल हैं। पात्रता, उपलब्धियों और खेल संघों की अनुशंसा के आधार पर चयन किया जाएगा।

सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता

चंडीगढ़ में आयोजित जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में बीजापुर जिले की बालिका टीम ने कांस्य पदक हासिल किया है। छत्तीसगढ़ की सॉफ्टबॉल टीम में बीजापुर जिले से छह खिलाड़ियों का चयन हुआ था। इनमें अनुराधा कोवासी, अस्मिता मरपल्ली, ज्योति ओयाम, रिंकी हेमला, लक्ष्मी बघेल और पूजा कोरसा शामिल हैं। पदक जीतने वाली इन सभी खिलाड़ियों का बीजापुर कलेक्टर ने पदक पहनाकर स्वागत किया।

बांग्लादेशी दंपत्ति–गिरफ्तार

रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र के धरमनगर स्थित किराये के मकान में रह रहे एक बांग्लादेशी दंपत्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, फर्जी पासपोर्ट, मार्कशीट, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि ये आरोपी बीते सोलह वर्षों से रायपुर में अवैधानिक रूप से निवासरत् थे।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''बलरामपुर–रामानुजगंज'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

माओवादी सहयोगी–गिरफ्तार

नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक माओवादी सहयोगी को गिरफ्तार किया है। इस माओवादी पर आईईडी विस्फोट की घटना में शामिल रहने का आरोप है। यह माओवादी बीते तीन वर्षो से कुतुल एरिया कमेटी में करकाबेड़ा सी.एन.एम कमांडर के रूप में सक्रिय था।

जहर सेवन–मौत

कांकेर जिले के परतापुर थाना क्षेत्र में एक दंपत्ति ने अपने तीन बच्चों के साथ जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। जहर खाने से तीनों बच्चों की मौत हो गई है। वहीं, पति–पत्नी को पखांजूर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जहर खाने के कारणों का पता अभी नहीं चल पाया है।

मौसम

अगले दो दिनों में प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं। वहीं, एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी भी दी गई है। इसके प्रभाव से दक्षिण छत्तीसगढ में तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

संक्षिप्त समाचार

- राज्य शासन ने अनुशासनहीनता के मामले में सारंगढ़–बिलाईगढ़ के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी. पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

- दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र में ई–रिक्शा की टक्कर से घर के बाहर खेल रहे दो साल के एक बच्चे की मौत हो गई।

- जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र और जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर द्वारा सोलह जून को सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर तीन बजे तक जोरा स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><>